तापमान

अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 28 जून 2024


13 अस्पताल में मरीजों की सुविधा बढ़ाने कई ...



14 एनएसयूआई ने जड़ा एनटीए दफ्तर में ताला






B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24


### जिला पंचायत की सामान्य सभा में कई घोटालों का हुआ खुलासा

# रेत के काले कारोबार को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में रेत खदानों से अवैध निकासी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। जनप्रतिनिधियों, खनिज अधिकारी व लिपिक की कार्यशैली पर भी उंगली उठाई। मतस्य विभाग में अनुदान घोटाला का आरोप लगाकर पूर्व संचायक संचालक के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव रखा।

गुरुवार को जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेत खदानो से अवैध रूप से रेत निकासी का मुद्दा छाया रहा। जिपं सरपंच खूबलाल ध्रुव ने कहा कि एनजीटी के नियम के अनुसार 15 जून से सभी रेत खदान बंद है। इसके बाद भी बेधड़क खदानों से रेत निकाली जा रही है। कार्रवाई के नाम पर वाहन मालिकों पर जुर्माना लगाया जा रहा है, जो रेत खदान संचालित है उसे बंद करने का प्रयास बिल्कुल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में खनिज अधिकारी की भूमिका को संदिग्ध करार दिया। यही नहीं खनिज विभाग के लिपिक पर अवैध रूप से वसूली करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से भी की गई है। अवैध रूप से रेत डंपिंग करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कहा।



#### अनुदान घोटाला, करोड़ों के वारे न्यारे

मछली पालन विभाग द्वारा मछुआरों को विभिन्न जाल खरीदी, वाहन खरीदी, नाव सहित अन्य खरीदी पर अनुदान दिया जाता है। कुछ साल पहले भी डीएमएफ मद से मछुआरों को अनुदान दिया गया। जिपं सदस्य खूबलाल ध्रुव ने कहा कि अनुदान देने के नाम पर 5 से 7 करोड़ रूपए का घोटाला किया गया है। जिले के हितग्राहियों की जगह दूसरे जिले के हितग्राहियों को इसका लाभ दिया गया है। यही नहीं कार्पोरेट सेक्टर को भी इस योजना से उपकृत किया गया है। उन्होंने तात्कालिक सहायक संचालक बीना गढ़पाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी।

#### नालों को नहर से जोड़े

शंहरदाह-सेहराडबरी से होते हुए बरसाती पानी संबलपुर आता है। इससे हर बारिश में संबलपुर के खेत डूब जाते है। जिपं उपाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने नाला का नहर नाली से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। इसके अतिरिक्त स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक आबंटन,विद्युत व्यवस्था बहाल करने, किसानों को मानक स्तर बीज, खाद, कीटनाशक उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

#### अवैध प्लाटिंग, निर्माण पर कार्रवाई के लिए उठी आवाज

रूद्री से सेहराडबरी तक नहर नाली के उपर कई दुकानदारों व आम लोगों का कब्जा है। कई अवैध निर्माण भी हो चुके है। निर्माण का सिलसिला जारी है। कुछ लोगों ने तो नहर के उपर अवैध रूप से पुल बना लिया है। जिपं उपाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए सिंचाई विभाग को निर्देशित किया। जिपं सदस्य मनोज साक्षी ने आदिवासी बेल्ट में शिक्षकों को यथावत रखने के लिए आवाज उठाई। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र के छात्रावासों में सभी छात्रों को जगह देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

#### दिव्यांगों के हक पर भी डाका

सामान्य सभा की पिछली बैठक 20 फरवरी 2024 को हुई थी, जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशू चंद्राकर ने सामाजिक सहायता पेंशन में धांधली का मुद्दा उठाया था। उन्होंने ग्राम पंचायत दोनर, झिरिया, देवपुर, सारंगपुरी, परसुली, दर्री, कलारतराई, बंजारी में अपात्र लोगों को लाभ और पात्र हितग्राहियों को पेंशन से वंचित करने पर नाराजगी जाहिर की थी। इसके जवाब में समाज कल्याण विभाग द्वारा सरपंच-सचिव को दोषी करार दे दिया गया। इस मामले में जिपं उपाध्यक्ष ने अधिकारी को कटघरे में खड़ा करते हुए इस गड़बड़ी का दोषी ठहराया।

# तीन बांधों का गला तर हुआ, गंगरेल में सूखा



■ नाममात्र आवक से नहीं सुधर रही बांधों की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विलंब से ही सही बांधों में पानी की आवक शुरु हो गई है। सिर्फ गंगरेल बांध ऐसा है जहां थोड़ा भी पानी नहीं पहुंचा है। सोंढूर और दुधावा बांध में अभी भी पानी आ रहा है।

इस साल रविशंकर जलाशय परियोजना के चारों बांधों की स्थिति खराब है। निस्तारी, पेयजल सहित विभिन्न जरूरतों को पूरा करने में ये चारों बांध खाली हो चुके हैं। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल बांध में 6.425 टीएमसी पानी है। इसमें 5.071 टीएमसी पानी तो डेड स्टोरेज है, जिसे निकाला नहीं जा सकता है। यानि इस बांध में मात्र 1.354 पानी है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। मुरूमसल्लि बांध तो पूरा खाली हो चुका है, यहां मात्र 0.100 टीएमसी उपयोगी पानी है। दुधावा में 1.272 और सोंढूर बांध में 0.79 टीएमसी उपयोगी पानी शेष है। इन बांधों को झमाझम मानसूनी बारिश का इंतजार है। अभी तक हुई बारिश से तीन बांधों में पानी की आवक हुई। यह आवक ऊंट के मुंह में जीरा बराबर है। मुरूमसल्लि बांध में 0.010 टीएमसी पानी की आवक हुई है। अब यहां पानी आना बंद हो गया है। दुधावा में 0.128 टीएमसी और सोंढूर बांध में 0.117 टीएमसी पानी की आवक हुई है। इन बांधों में थोड़ा थोड़ा पानी अभी भी आ रहा है।

#### जिले में 36 प्रतिशत बारिश

भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार इस साल 57.8 प्रतिशत बारिश हुई है। धमतरी में 75.5, कुरूद में 79.3, मगरलोड में 69.0, नगरी में 141.3, भखारा में 116.7, कुकरेल 88.0 और बेलरगांव तहसील में 127.7 मिमी बारिश हुई है। बांधों के कैचमेंट एरिया में इससे कम बारिश दर्ज की गई है। खजुरावन में अब तक 86 मिमी, बिरगुड़ी में 34 मिमी और महोद में 28 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

#### खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिए फॉगिंग कराने के निर्देश

**धमतरी।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आगामी एक जुलाई तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2024 चलाया जा रहा है। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आयुक्त नगरनिगम धमतरी, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया है कि वे नगरीय/ग्रामीण (बड़ी पंचायत) क्षेत्र के अंतर्गत जल भराव क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए हर शुक्रवार को फॉगिंग मशीन चलाए जाना सुनिश्चित करें। साथ ही किए गए फॉगिंग की तिथि, स्थान, समय की जानकारी रजिस्टर में अंकित करते हुए जनप्रतिनिधियां/ नागरिकों का हस्ताक्षर प्राप्त करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि वर्षा ऋतु शुरू हो चुकी है और शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर जल भराव की स्थिति निर्मित होती है, जिसकी वजह से मच्छरों के कारण मलेरिया, डेंगू फैलने की आशंका बनी रहती है।

### धमतरी वन से घोषित राजस्व ग्राम की नक्शा शीट अवलोकन के लिए उपलब्ध

**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने हल्का पटवारी द्वारा तैयार किए गए नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो, तो वे 15 दिनों के भीतर लिखित अथवा मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि नियत तिथि के बाद मिले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी वन से घोषित राजस्व ग्राम के तहत कार्य एजेंसी आईआईटी रूढ़की द्वारा अंतिम प्रकाशन के लिए कुकरेल तहसील के 01 ग्राम के 01 नक्शा शीट एवं नगरी तहसील के 03 ग्रामों के 06 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। संबंधित नक्शा शीटों का भौतिक सत्यापन राजस्व सर्वेक्षण दल द्वारा कराया जाकर नक्शा व खसरा तैयार किया गया एवं प्रथम प्रकाशन कर प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण किया गया है। इसी तरह असर्वेक्षित ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है, जिसके अंतर्गत ग्राम चारगांव पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल गट्टासिल्ली तहसील नगरी में वन से घोषित राजस्व ग्राम है। कार्य एजेंसी द्वारा अंतिम प्रकाशन के लिए चारगांव का 02 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। हल्का पटवारी द्वारा राजस्व अभिलेख खसरा व नक्शा भू-धारकों के अवलोकन के लिए संबंधित पंचायत भवन में कार्यालयीन अवधि में उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही नगरी तहसील के ग्राम दिनकरपुर के 02 नक्शा शीट, ग्राम दुगली के 02 नक्शा शीट, कुकरेल तहसील के ग्राम गेदरापारा के 01 नक्शा शीट, मगरलोड तहसील के 03 ग्रमों के 07 नक्शा शीट एवं नगरी तहसील के 02 ग्रामों के 04 नक्शा शीट, नगरी तहसील के ग्राम नेगीनाला के 02 नक्शा शीट, ग्राम कौहापानी उर्फ गजकन्हार के 02 नक्शा शीट, मगरलोड तहसील के ग्राम मूलगांव के 03 नक्शा शीट, ग्राम सोनारिन देहान के 02 नक्शा शीट और ग्राम बेलरबाहरा के 02 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। संबंधित नक्शा शीटों का भौतिक सत्यापन राजस्व सर्वेक्षण दल द्वारा कराया जाकर नक्शा व खसरा तैयार किया गया एवं प्रथम प्रकाशन कर प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा राजस्व अभिलेख खसरा व नक्शा भू-धारकों के अवलोकन के लिए संबंधित पंचायत भवन में कार्यालयीन अवधि में उपलब्ध रहेगा।

# कालेजों में एडमिशन के लिए मेरिट सूची जारी, कटआफ बढ़ा

■ प्रवेश की प्रक्रिया 8 जुलाई तक चलेगी, इसके बाद पोर्टल फिर खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्वविद्यालय के दिशानिर्देश पर जिले के सभी 9 कालेजों में एडमिशन के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इसके बाद फिलहाल वेब पोर्टल बंद कर दिए गए है। प्रवेश की प्रक्रिया 8 जुलाई तक रहेगी। सीटे फुल नहीं होने की दशा में पोर्टल फिर से खोल दी जाएगी। ताकि इच्छुक छात्र छात्राएं आनलाइन आवेदन कर सके। मेरिट सूची जारी होने से इस वर्ष एडमिशन के लिए कटआफ बढ़ा है।



पीजी कालेज से मिली जानकारी के मुताबिक इस वर्ष बीकाम प्लेन में सामान्य छात्रों के लिए सूची 92.8 प्रतिशत से शुरु हुई जो 79 प्रतिशत पर आकर थम गई। 79 से कम अंक वाले विद्यार्थियो को अब इंतजार करना पड़ेगा। वहीं अन्य पिछड़ावर्ग में 78.8 से प्रारंभ होकर 75.4 प्रतिशत पर बंद हो गया। बीएससी बायो सामान्य में 95 प्रतिशत से प्रारंभ होकर 75.4 प्रतिशत पर बंद हुआ। बीए सामान्य वर्ग में 92.76 से प्रारंभ होकर 71 प्रतिशत पर बंद हो गया। ओबीसी में 71.4 प्रतिशत से प्रारंभ होकर 67 प्रतिशत पर बंद हो गया। बीएससी गणित सामान्य वर्ग में 92 प्रतिशत से प्रारंभ होकर 73 प्रतिशत पर बंद हो गया। ओबीसी में 73 से होकर 67 प्रतिशत पर बंद हुआ। बीकाम आईटी सामान्य वर्ग में 79 तथा पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 71.6 प्रतिशत तक प्रवेश ले सकेंगे। इसी तरह बीएचएससी जनरल में 65.9, ओबीसी 48.4 प्रतिशत, पीजीडीसीए में सामान्य 65.5 प्रतिशत, ओबीसी में 62.2 प्रतिशत, बीसीए सामान्य में 77.6 प्रतिशत, ओबीसी 73 प्रतिशत कटऑफ रहा।

# चखना सेंटर में हुई जमकर मारपीट, रॉड से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुछ असामाजिक तत्वों ने शराब दुकान के पास बने आहता के चखना सेंटर में तोड़फोड़ कर संचालक से मारपीट करते हुए रॉड से हमला कर दिया।

■ दानीटोला शराब दुकान के पास की घटना

शासन द्वारा शराब दुकान के पास आहता के संचालन की अनुमति दी गई है। आहता संचालन के लिए बकायदा टेण्डर निकाली जाती है। जिसके बाद विधिवत आहता संचालन किया जाता है। इन चखना सेंटरों में आये दिन मारपीट की घटनाएं भी होने लगी है। इस तरह की घटनाओं पर काबू नहीं पाया गया तो कभी भी बड़ी वारदात हो सकती है। इससे पहले भी शराब दुकान के पास संचालित चखना सेंटरों में चाकूबाजी जैसी बड़ी घटनाएं हो चुकी है। कुछ इसी तरह की घटना दानीटोला के जैविक खाद रोड पर स्थित शराब दुकान के पास स्थित आहता में सामने आया है। दानीटोला वार्ड निवासी राकेश कुमार वैद्य





आबकारी विभाग से लायसेंस लेकर आहता में चखना सेंटर संचालित कर रहा है। बीते मंगलवार की रात्रि राकेश चखना सेंटर चला रहा था। इसी दौरान बांसपारा के चांडा नाम के युवक एवं अन्य लोग चखना सेंटर पहुंचे और सामान खरीदने के बाद पैसे नहीं दिए। पैसा मांगने पर युवकों ने टेबल-कुर्सी में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। मना करने पर राकेश को अश्लील गालियां दे जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार वस्तु व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना को देख राकेश का पुत्र कनिष्क वैद्य बीच-बचाव करने लगा। आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर चोट पहुंचाई। पीड़ित राकेश की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चांडा व उसके साथियों के खिलाफ धारा 323, 294, 34, 427, 506 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# जंगल में गड्ढे खोदकर माओवादियों ने छुपाए थे राशन व इलेक्ट्रिकल सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जंगल में गड्ढा खोदकर माओवादियों द्वारा अपने उपयोग के लिए जंगल में छुपाए गए राशन और इलेक्ट्रिकल सामानों को पुलिस ने बरामद कर जप्त किया है। बताया जा रहा है कि माओवादी डरा-धमकाकर ग्रामीणों से लेवी एवं राशन की वसूली कर रहे हैं। माओवादियों द्वारा एकत्र एवं छिपाये हुए 3 डम्प बरामद व डम्प में राशन चायपत्ती सोलर प्लेट एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री को डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ ने संयुक्त कार्यवाही कर जंगल से जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्देश पर नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली कि माओवादियों द्वारा ग्रामीणों को डरा-धमकाकर लेवी एवं राशन इकट्ठा किया गया है और इसको गड्ढा व सुरंग खोदकर डम्प किया गया है। यह सूचना मिलने पर डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ 211वीं वाहिनी को विशेष नक्सल सर्च अभियान पर बीते 22 जून को रवाना किया गया था।

बताया जा रहा है कि पांच दिन तक चले इस अभियान में तीन अलग-अलग जगह यथा टापरापानी (कोण्डागांव-धमतरी सीमा), एकावरी (थाना बोरई) एवं मुंहकोट (थाना खल्लारी के जंगलों से माओवादियों द्वारा डम्प की हुई राशन एवं खाद्य सामग्री इलेक्ट्रिकल उपकरण एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। यह सामग्री माओवादियों द्वारा बड़े-बड़े गड्ढे एवं सुरंग का निर्माण कर पत्तों से ढ़ककर छिपाई गई थी।





■ सीआरपीएफ-डीआरजी जवानों ने सामान किया जब्त

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सूत्रों से ऐसा ज्ञात हुआ है कि यह सामग्री रावस समन्वय कमेटी के माओवादियों द्वारा डम्प की गई थी और इसका उपयोग माओवादियों द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान किया जाता है। माओवादियों के डम्प से बरामद सामग्रियों में सोलर प्लेट मय तार 1 नग - चांवल 120 किलो - दाल 11 किलो- शक्कर 6 किलो- चायपत्ती 28 पैकेट- हल्दी पाउडर 15 पैके- तेल 16 लीटर, चप्पल 4 जोड़ी- अन्तवस्त्र 14 नग़ - गमछा 3 नग- शिलाजीत सामान बरामत किया गया है।

### कृषि उपज मंडी श्यामतराई में रेट सामान्य होने से कृषक वर्ग संतुष्ट

# मंडी में धान की आवक घटी, मजदूर-हमालों को काम का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि उपज मंडी श्यामतराई में इन दिनों धान की आवक घट गई है। जिससे मंडी में कार्यरत हमालों और मजदूरों के सामने रोजी, रोटी की समस्या आ गई है। सभी कामगारों ने जिला प्रशासन से पहल करते हुए काम देने की मांग की है। विदित हो कि 15 से 20 हजार क्विंटल धान की आवक होने वाली मंडी में पिछले एक सप्ताह से 800 से 900 क्विंटल ही धान की आवक हो रही है जो वहां कार्यरत 100 से अधिक कामगारों के लिए पर्याप्त नहीं है। रेट की बात करें तो यह फिलहाल सामान्य है। जिससे कृषकों में संतुष्टि है। गुरूवार को आईआर 64-2155 रूपये, सांभा 2476, गोल्डन सांभ 2465, सरोना 2160, ओमश्री 2411 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका।



मंडी में कार्यरत कामगार, फागूराम, पंचराम, राजेश साहू ने बताया कि मंडी में सैकड़ों की संख्या में मजदूर, हमाल कार्यरत हैं। हर वर्ष रबी फसल की कटाई के बाद दो माह तक धान की बंपर आवक रहती है। जिससे उन्हें पर्याप्त मात्रा में काम और मजदूरी मिल जाती है। दो माह पश्चात पूरे साल भर तक आवक कम होने से काम के लाले पड़ जाते हैं। खरीफ सीजन में सोसायटियों के माध्यम से सरकारी खरीद होने पर स्थिति और खराब हो जाती है। उन्होंने बताया कि हर साल जिला प्रशासन को आवेदन, ज्ञापन देकर काम की मांग की जाती है लेकिन मजदूरों की कोई सुनवाई नहीं होती जिससे थक हारकर मजदूर हमाल दूसरा काम करने मजबूर हो जाता है जो पूरी तरह अस्थायी रहता है। लोगों को काम के लिए भटकना पड़ता है। उन्होंने जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि वर्ष भर के लिए कोई स्थायी काम दिलाया जाए जिससे परिवार का सही ढंग से भरण पोषण हो सके।

# प्रेम प्रकाश आश्रम में सच की महिमा का गुणगान

**धमतरी।** धर्म ना दूसर सत्य समाना, आगम निगम पुराण बखाना। परमपूज्य गुरुदेव आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज ने न केवल सच को अपनाया बल्कि सच की राह पर चल कर दिखाया एवं सच की ही सभी को शिक्षा देने वाले अनेक भजनों का अपने अनुभव के आधार पर सृजन कर एवं गाकर सच का महत्व समझाया। वे सभी भजन अमरापुर वाणी में शोभा पा रहे हैं एवं आज भी अनेक सन्तों के द्वारा उन भजनों को सत्संग के अवसर पर गाकर सच की महिमा गाई जा रही है। उन्हीं भजनों में से एक भजन हरिदमु सच खे धारि प्यारा सच वारनि जी जिति किथि जै आ को आज चालीहा महोत्सव के 26 वें दिन के चालीसा पाठ एवं सत्संग के कार्यक्रम में गाया गया। हितेश रोहरा के परिवार द्वारा प्रेम प्रकाश आश्रम में किया गया था। संत श्री लोकेश ने इस भजन को गाकर बताया कि हमें सच को ही धारण कर सच के ही आधार पर जीवन जीना चाहिए। सच को आग भी नहीं जला पाती जैसे सोने को आग में जलाने से उसकी चमक और बढ़ जाती है आग में जलने से भी उसका कोई नुकसान नहीं होता है वैसे ही सच के सहारे चलने पर संसार में अनेक कष्ट आ जाएं तो घबराना नहीं चाहिए। सच रूपी नाव भले ही सागर में बहुत ज्यादा हिलेगी डुलेगी लेकिन कभी डूब नहीं सकती। कभी भी सच से मुंह ना मोड़ना माने सच का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए भले ही इसके लिए जीवन को भी न्योछावर क्यों न करना पड़ जाय तो भी पीछे नहीं हटना चाहिए क्योंकि अंततः विजय सच की ही होती है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### कुरूद ब्लॉक के 1238 स्वसहायता समूहों को मिलेगा 23 करोड़ 73 लाख का लोन

■ सीईओ जिपं के निर्देश पर हुई विकासखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**धमतरी।** जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद पंचायत कुरूद के सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की प्रथम तिमाही बैठक हुई। लीड बैंक डिस्ट्रिक मैनेजर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वित्तीय लक्ष्यों का निर्धारण एवं अनुमोदन किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुरूद विकासखंड के 1238 स्वसहायता समूहों के लिए 23 करोड़ 73 लाख रूपये का लोन प्रदान करने हेतु लक्ष्य निर्धारित एवं पूर्ति किये जाने के निर्देश दिये गये। स्वसहायता समूह के सदस्यों को उद्यमिता विकास एवं उद्यमी बनाने मुद्रा लोन, स्वयं सिद्धा लोन प्रदान कर उद्यमिता विकास में बैंकर्स से सहयोग करने की अपील की गई। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत लोगों का बीमा कराने निर्देशित किया गया तथा बीमा क्लेम का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने की बात कही। वित्तीय साक्षरता कैंप के लिए बैंकों को अपने कार्य क्षेत्र में ग्राम पंचायतवार वित्तीय साक्षरता कैंप लगाने निर्देशित किया। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी धमतरी द्वारा ग्रामीण बीपीएल परिवार के बेरोजगार युवक-युवतियों एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष तक है, को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क रहने एवं भोजन की सुविधा ट्रेनिंग के दौरान बड़ौदा आरसेटी द्वारा की जायेगी।

### सियारीनाला में शाला प्रवेश उत्सव मना

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक साला सियारी नाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला खुलने के पहले दिन नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। समस्त छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तक एवं गणेश का वितरण किया गया। उपस्थित गणमान्य नागरिकों के द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जय श्री कृष्णा स्वसहायता समूह के द्वारा न्यौता भोजन के रूप में खीर पुड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कल्याण कुंजाम, देवदत्त पडोटी, लाकेंद पडोटी, दुखलाल यादव, चंद्रिका शोरी, खिलेश्वरी निषाद, सरोजिनी कुंजाम, कन्या कुंजाम आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुंजाम सहायक शिक्षक के द्वारा एवं आभार खेमन सार्वा प्रधान पाठक के द्वारा किया गया।

गुणवत्ता सर्टिफिकेशन 12 मानकों के आधार पर दिया जाता है

# आरोग्य मंदिर मरौद को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



विकासखण्ड कुरुद में संचालित आयुष्यमान आरोग्य मंदिर ने स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग द्वारा संचालित समस्त सेवाओं को अपने स्वास्थ्य केंद्र में उच्च गुणवत्ता पूर्ण, मरीजों की संतुष्टि और संक्रमण नियंत्रण के मानक मापदंडों के आधार पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र 89.57 प्रतिशत अंकों से साथ प्राप्त किया है।

यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के मंडल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर, एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ यू एस नवरत्न के सूक्ष्म मार्गर्शन में संचालित किया गया।

विदित हो कि केंद्रीय टीम द्वारा 31 मार्च 2024 को मूल्यांकन किया गया था। उप स्वास्थ्य केन्द्रों का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन 12 मानकों के आधार पर किया गया है। इसके लिए संस्था द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। आयुष्यमान आरोग्य मंदिर मरौद को केंद्रीय टीम द्वारा 89.57 अंक देते हुए आगामी एक वर्षों तक के लिए यह गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्रदान की गई है आगामी एक वर्ष पश्चात पुनः संस्था द्वारा प्रमाणपत्र रिनिवल हेतु प्रक्रिया किया जाना है। इस प्रमाणपत्र प्राप्त होने से संस्था को अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी जिसका उपयोग संस्था में मरीजों हेतु सेवाओं के विस्तार हेतु किया जा सकता है। कुरुद ब्लॉक के पी एच सी चटोद, नारी सहित आ.आ.म. गाडाडीह और मरौद को यह प्रमाणपत्र प्राप्त हो चुका है। विगत दिनों सिविल अस्पताल कुरुद में भी इस प्रमाणपत्र हेतु केंद्रीय टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया है जो अपने स्तर पर एक अलग तरह की उपलब्धि है।

मरौद को प्राप्त इस गुणवत्ता प्रमाण पत्र में डीपीएच एन. स्वेता स्वर्ण, सम्भाग सलाहकार गुणवत्ता कार्यक्रम ऋषिकेश रात्रे, बीपीएम रोहित पाण्डेय, ब्लॉक नोडल गुणवत्ता कार्यक्रम संजय साहू, राजेश भतपहरी,ब्लॉक नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ क्षितिज कुमार साहू, नेत्र सहायक अधिकारी लोमेश कुर्रे, महोदय ग्राम पंचायत मरौद,महिला पर्यवेक्षक तारा रात्रे, गजेंद्र रिगरी पर्यवेक्षक, सीएचओ जागृति साहू, दुर्गेश्वरी साहू,मिथलेश ध्रुव, आरएचओ सुनीता कोसरे, गीतेश साहू, चंद्रिका साहू, नरेंद्र साहू, यशवंत साहू समस्त मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

## फड़ प्रभारी ने नहीं किया राशि भुगतान हमालों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

■ धान खरीदी केंद्र सेमरा का मामला



कृषि साख सरकारी समिति मर्यादित सेमरा पंजीयन क्रमांक 646 का बड़ा मामला सामने आया है। जहां धान खरीदी के लिए फड़ व हमाली के लिए निविदा निकाल कर वर्ष 2023 -24 के लिए धान खरीदी केंद्र सेमरा में हमाल व फड़ प्रभारी की भर्ती किया गया था लेकिन धान खरीदी कार्य पूर्ण होने के 4 महीने बाद भी हमाली राशि देने फड़ प्रभारी और प्रबंधक द्वारा हीलाहवाला किया जा रहा है। हमाली कार्य में लगे मजदूरों ने बताया कि धान खरीदी की 4 महीने बीत जाने के बाद भी फड़ प्रभारी को पैसा मांगने पर समिति प्रबंधक द्वारा पैसे दिया जाएगा कहा जाता है और जब प्रबंधक के समक्ष उपस्थित होते हैं तो प्रबंधक फड़ प्रभारी पैसे का भुगतान करेगा करके एक दूसरे के ऊपर थोपा जाता है। लेकिन अभी तक हमें पैसा नहीं मिला है जिसके चलते हमारे परिवार सड़क पर आने के कगार पर है। ज्ञापन सौंपने आये मजदूरों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द मजदूरी राशि दिलवाने कि मांग करते हुए शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए राशि भुगतान में लेटलतीफी होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## नगरी के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में हुआ न्यौता भोजन



**नगरी।** टेंगना में शाला प्रवेश उत्सव और न्यौता भोजन का आयोजन बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कमलेश्वरी कश्यप पंच, चंद्रभान कश्यप एवं समिति के सदस्यों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रवेश उत्सव में नव प्रवेशी एवं छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक, पेन कॉपी, गणवेश आदि प्रदान किया गया। कमलेश्वरी कश्यप द्वारा न्यौता भोजन में खीर, पुड़ी, मिष्ठान व पौष्टिक भोजन आदि की व्यवस्था किया गया। प्रधान पाठक ममता प्रजापति ने माताओं व पालकों को बच्चों के अध्ययन अध्यापन घर पर सहयोग करने के साथ ही शासन से मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने पोषण आहार प्रदान करने वाले समुदाय जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कश्यप, शिवनारायण कश्यप, देवबती, टिकेश्वरी, रीना, जलधर, पार्वती, सुभाष, उमेश, ललेश्वरी, शिक्षक संतोष बांधव, मनोज कुमार गंजीर, नेकपाल श्रीमाली, तोमेश्वर, तमेश व जन समुदाय उपस्थित रहे।

## गोजी में बच्चों का मुंह मीठा कर दिलाया शाला प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम पंचायत गोजी के प्राथमिक व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि थानेश्वर तारक सरपंच ग्राम पंचायत गोजी उपस्थित हुए। साथ ही शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्षण साहू, इंदु साहू जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, टकेश साहू, नेतराम साहू, भारती साहू, गायत्री साहू, टी. एल. निषाद प्रधान पाठक माध्यमिक शाला, एस के साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षकगण में बीएल साहू समन्वयक, कुलेश्वर साहू, मनोज नेताम, डोमन साहू, निर्मला नागरची भी शामिल रहे और प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के बच्चों को गुलाल लगाकर मुंह मीठा कर शाला में प्रवेश दिलाया गया। पश्चात सभी बच्चों को पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। श्री तारक ने कहा कि बच्चों को निशुल्क पुस्तक व गणवेश मिलने से काफी उत्साहित व प्रफुल्लित हुए। बच्चों को पढ़ाई के प्रति ध्यान देने साथ ही शिक्षकों को भी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद अन्य गतिविधि में रुचि लेने संबंधी बातें कही।

## बोड़रा स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक प्राथमिक शाला बोड़रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हिरंजय साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत मगरलोड थे। अध्यक्षता टेपराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने की। विशिष्ट अतिथि कृपाराम साहू उपसरपंच, पंचराम कंवर पंच सालिक राम साहू, टोमनलाल साहू ,बलराम साहू, नेहरू राम साहू, बोहरण साहू थे।

स्वागत समारोह के बाद मुख्य अतिथि हिरंजय साहू ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत सभी शिक्षकों एवं पालकों की जिम्मेदारी है कि वह 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाएं, इसके लिए हम सभी को आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। टोमन लाल साहू ने नैतिक शिक्षा पर जोर दिया। उपसरपंच कृपाराम साहू ने सभी बच्चों को अच्छे पढ़ने लिखने हेतु प्रेरित किया। प्रधानपाठक जेआर साहू ने मुख्यमंत्री के संदेश एवं संकुल समन्वयक भारत सोनी ने शिक्षा मंत्री का संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया।

इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जेआर साहू, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक कामताराम साहू, शिक्षक सलेन्द्र कुमार साहू, डीहू राम साहू, सुश्री बेनु ध्रुव, पालकगण सालिक राम साहू, टुन्नू देवांगन, श्रीमती तोरण वर्मा, श्रीमती गुलापा साहू, मेघनाथ साहू, टेकराम साहू, टोमन लाल साहू, बलराम साहू उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षक सलेन्द्र कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन कामताराम साहू प्रधानपाठक ने किया।

## अंचल की खबरें

### संकरी स्कूल में हुआ शाला प्रवेशोत्सव



**सिर्री।** संकुल केंद्र सिर्री अंतर्गत प्राथमिक शाला संकरी में प्रवेशोत्सव मनाया गया। उत्कृष्ट शिक्षा के लिए पालकों से चर्चा कर बेहतर करने का संकल्प लिया गया। शाला में कम उम्र के बच्चों के लिए बालवाड़ी केंद्र संचालित है जहां प्राथमिक पूर्व बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु काम हो रहा है। माताओं के उन्मुखीकरण का कार्य भी शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। स्कूल में गणवेश और पुस्तक वितरण को लेकर बच्चे उत्साहित और गदगद नजर आए।

### जोरातराई (अं) में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**अंवरी।** शाउमावि जोरातराई अं में नवप्रवेशी छात्रों का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी 9वीं के छात्रों का आरती करके टिका लगाकर पाठ्य-पुस्तक, पेन वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला के पूर्व अध्यक्ष टेकराम साहू, सभापति परमेश्वरी साहू, महेंद्र साहू, रामखिलावन यदु, सरपंच खिलावन पाल, पालकगण, प्राचार्य रेणुका बारले सहित समस्त स्टॉफ के लोग उपस्थित थे।

### नवप्रवेशित बच्चों को दी गईं पाठ्यपुस्तकें



**सांकरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि दिलीप हरदाहा कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विभाग धमतरी थे। प्रवेश उत्सव में कक्षा नवमीं के नवप्रवेशित बच्चों को पाठ्यपुस्तक प्रदान करते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य गिरवर भंडारी, दुष्यंत साहू, डीकेश्वर सिन्हा, जन्मेजय साहू, रमेश साहू, प्राचार्य श्रीमती अनिभा अग्रवाल, वरिष्ठ व्याख्याता शांति पटेल, ओएस साहू, वीपी साहू, के. खापर्डे, पुष्पा साहू,पीएल साहू, अंजु प्रजापति, निर्मला साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर साहू ने किया।

### भखारा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश संपन्न



**अंवरी।** शासकीय स्तर पर सेजेस भखारा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री रोमा श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी विशिष्ट अतिथि हरख जैन पप्पू, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, सुशीला निर्मलकर, पूर्व प्रधान पाठक हेम नारायण गौर, डा मोहन हरदेल आदि उपस्थित थे। अतिथियों के साथ प्राचार्य राजकुमार गंजीर, प्रीतम पुनीत मुकेश साहू सहित संकुल समन्वयक ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर मुंह मीठा करा, पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। शिक्षा मंत्री का संदेश वाचन किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री रोमा ने छात्र/छात्राओं को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने कहा। पढ़ाई के साथ अन्य एक्टिविटी में भी शामिल होने बच्चों को प्रोत्साहित किया। अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

डिप्टी कलेक्टर सहित स्कूल स्टाफ ने किया पौधारोपण

# शाउमा शाला दर्रा में मनाया गया प्रवेशोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में 26 जून बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शास. उच्च. माध्यमिक शाला दर्रा के साथ साथ प्राथमिक शाला दर्रा, नवीन प्राथमिक शाला दर्रा एवं माध्यमिक शाला दर्रा के सभी विद्यार्थीगण, शिक्षकगण एवं शाला विकास समिति के सदस्यगण, समस्त पालकगण और ग्रामवासियों की विशेष रूप से उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव जिला धमतरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नीलकमल साहू की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिसमें कक्षा पहली, छटवी एवं नवमी के विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरित कर मुंह मीठा कराया गया । कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव एवं श्रीपाल बाफना के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही साथ उत्कृष्ठ पालकों का भी सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। डिप्टी कलेक्टर सहित स्कूल स्टाफ के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

मौके पर शास.मा. शाला के प्रधानपाठक रमेश कुमार साहू, शास.प्रा. शाला के प्रधानपाठक साधना ध्रुव, शास. न.प्रा. शाला के प्रधानपाठक अर्जुनदास मानिकपुरी, दर्रा के सरपंच त्रिलोचन साहू, संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू, दीनबन्धु चन्द्राकर, गजेन्द्र सिंह राजपूत, नरसिंगनाथ साहू, डेरहूराम साहू, सुरेन्द्र कुमार साहू, विधि ध्रुव, सालिकराम देवांगन, अशोक चंद्रवंशी, युगल किशोर वर्मा, राजकुमार साहू, नारायण सिंह नेताम, युवराज खत्री, गेमाराम साहू, बालमकुंद साहू, सुनील कुमार साहू, पुष्पेन्द्र साहू, परमत नाग, कन्हैया लाल गुरू, लोकनाथ साहू, हेमलाल साहू, पोखराज ध्रुव, लक्ष्नी गायकवाड़ उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari



मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569



CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका



भूपेंद्र कुमार दादर



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### मीसाबंदी स्व. लालजी की पत्नी का सीएम ने किया सम्मान



**कुरुद।** आपातकाल की 49 वीं स्मृति दिवस पर भारतीय लोकतंत्र सेनानी परिवार (मीसा बंदियों) को 26 जून को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में सम्मानित किया गया। इसमें कुरुद क्षेत्र के मीसाबंदी स्व. दाऊ लाल चंद्राकर की धर्मपत्नी श्रीमती कुमारी बाई चंद्राकर को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। बता दें कि आपातकाल के समय स्व. लालजी चंद्राकर ने अपनी पत्नी, बच्चों एवं व्यापार की परवाह किये बगैर भारतीय जनसंघ पार्टी के लिए तन, मन,धन और लगन के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सेवाएं दी थीं जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिर से सम्मानित किया है। इसमे स्व. चंद्राकर की पत्नी श्रीमती कुमारी बाई भी शामिल थीं। इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री दयालदास बघेल, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री ओपी चौधरी मौजूद समेत प्रदेश भाजपा संगठन एवं आरएसएस जुड़े लोग व मीसाबंदियों के परिवारजन उपस्थित थे।

### बिरेतरा साहू समाज के झुमुक लाल अध्यक्ष बने



**धमतरी।** ग्राम बिरेतरा में साहू समाज के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। अध्यक्ष झुमुक लाल साहू, महिला अध्यक्ष श्रीमती टिकेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती बनवासा साहू, उपाध्यक्ष देवराम साहू, सचिव पदुमलाल साहू, सहसचिव देवकुमार, कोषाध्यक्ष शिवकुमार साहू, उपाध्यक्ष कनिष्ठ लालसिंग, अंकेक्षक दूजराम, संगठन मंत्री चिंताराम, संरक्षक पूर्व अध्यक्ष परसराम साहू, सलाहकार पारथराम साहू, नूतन कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार, बलदेव, टीका, रामेश्वर, अजीतराम, रामखिलावन, जोहत, हेमलाल, देवराम, दूजराम, जेठूराम, चिराजी, कन्हैया, मुरहाराम, रैनसिंग, खीरूराम, भानुराम बनाए गए।

### अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने किया प्रेरित



**धमतरी।** सदर दक्षिण वार्ड स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला रानीबागीचा धमतरी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्र कुमार पेंदरिया वार्ड पार्षद, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नमिता तिवारी संकुल समन्वयक ने मां सरस्वती की पूजा- अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यतिथि द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक व मुंह मीठा करा स्वागत किया गया। पुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री के संदेश का वाचन किया। छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने प्रेरित किया।

### ब्राम्हणपारा में शाला प्रवेशोत्सव मना



**धमतरी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित गिरधारीलाल तिवारी प्राथमिक शाला ब्राह्मण पारा शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला गणवेश एवं पुस्तक का वितरण किया गया । बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद राजेश पांडे ने कहा कि बच्चे पढ़ाई मन लगाकर करें । मेरिट सूची में आने का प्रयास करें। मौके पर शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका निषाद, प्रधानपाठक श्रीमती अलका गुप्ता, शिक्षक मुकेश कुमार, गौतम कुमार, विरेंद्र कुमार, त्रिलोका देवांगन, श्रीमती शशि विश्वकर्मा, वीणा पटेल, सीमा, यादव द्रौपदी, उषा देवांगन, दीप्ति साहू, सुशीला नेताम, दिगेश्वरी विश्वकर्मा, छबिलाल प्रजापति, वीणा पटेल, जानकी देवांगन, लक्ष्मी पटवा एवं वीणा वर्मा उपस्थित थे।

### तरसींवा स्कूल में छात्र-छात्राओं का स्वागत



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक, कन्या, बालक शाला तरसींवा में छात्र-छात्राओं का स्वागत अभिनंदन करते हुए आरती, चाकलेट खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सभी छात्र-छात्राओं को गणवेश और पाठ्य-पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राकेश नेताम, महेंद्र हिरवानी, शिक्षा विद अर्जुनपुरी गोस्वामी, ग्रामीण अध्यक्ष वसुदेव निर्मलकर, सरपंच दीपेश्वरी प्रेमप्रकाश एवं पालकगण मातृशक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने संबोधन में छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन में रहने, माता-पिता, गुरुजनों का सम्मान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर शाला परिवार के प्रधान पाठक विजयेन्द्र सोनी, ओपी सिन्हा, सुश्री गैंद कुमारी, चंद्र प्रकाश, किरण बाला, खिलेश्वर, राजा दीवान, देवधर पटेल, हुमन ध्रुव सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

### स्वास्थ जागरूकता रथ का शुभारंभ



**नगरी।** प्रयोग समाज सेवी संस्था के द्वारा स्वास्थ संबंधित जागरूकता रथ का शुभारंभ गुरुवार 27 जून को जनपद पंचायत नगरी से किया गया। रथ को जनपद सभापति मन्नू यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विमल कुमार साहू, कार्यक्रम अधिकारी यायूस झा, एन, के बागडे, आनंद राम साहू सहित प्रयोग समाज सेवी संस्था के लोग उपस्थित रहे।

जीवनदीप समिति सिविल अस्पताल नगरी की बैठक में शामिल हुई विधायक

# अस्पताल में मरीजों की सुविधा बढ़ाने कई महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जीवन दीप समिति सिविल अस्पताल नगरी के साधारण सभा की मीटिंग अम्बिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला समिति के सचिव अनुविभागीय दंडाधिकारी पवन कुमार प्रेमी उपस्थित थे। मीटिंग में डॉ. डीआर ठाकुर बी एमओ नगरी और हितेन्द्र कुमार साहू बीपीएम नगरी के द्वारा पिछले मीटिंग में लिए गए निर्णय के पूर्णता की स्थिति तथा वर्तमान समय में आगामी सत्र के लिए नवीन प्रस्तावित विभिन्न कार्यो का पाठन किया गया और साथ ही राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारियां भी दी गयी। समिति ने अस्पताल में मरीज की सुविधाओं को सुगम बनाने तथा गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित किए जाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मीटिंग के दरम्यान विधायक श्रीमती मरकाम ने स्कूलों व छात्रवास आश्रमों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, फील्ड में दवाइयों की उपलब्धता पर जानकारी लेकर नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम नगरी ने मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कम उम्र में ऐएनसी पंजीयन पर और गर्भवती माताओ में एनीमिया को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग तथा आदिवासी विभाग को मिलकर कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

मीटिंग के दरम्यान हितेन्द्र कुमार साहू बी पी एम नगरी के द्वारा फील्ड के प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन हेतु तथा छोटे छोटे जरूरतों को ग्राम पँचायत के जी पी डी पी में शामिल कर पंचायतों के सहयोग से पूर्ण करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी और समिति के सदस्य विमल कुमार साहू से निवेदन किया गया इस पर सी ई ओ नगरी के द्वारा सभी आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया गया है। सिविल अस्पताल नगरी में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस आरक्षी केंद्र स्थापित करने के लिए पुलिस विभाग से निवेदन किया गया। जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम और नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला के द्वारा मातृ और शिशु मृत्यु को रोकने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई तथा टीकाकरण और गर्भवती जांच को सतप्रतिशत करने के निर्देश दिए गए।

इसी दरम्यान डॉ डी आर ठाकुर बी एम ओ नगरी ने बताया कि 1 जुलाई को सिविल अस्पताल नगरी में मिर्गी रोग पर विशेष और वृहद कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिल्ली एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

एस डी एम नगरी के द्वारा दिनाक 01 जुलाई से 31 अगस्त तक चलने वाले स्टॉप डायरिया कार्यकम पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, आदिवासी विकास विभाग और पी एच ई विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। मलेरिया डेंगू जैसे बीमारियों की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए है।

मीटिंग में डॉ अरुण नेताम स्त्री रोग विशेषज्ञ, श्री ठाकुर एसडीओ पीएचई नगरी सोमेंद्र साहू पीओ महिला बाल विकास विभाग श्वेता वर्मा आदिवासी विकास विभाग व समिति के सदस्य के रूप में अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित सिविल अस्पताल नगरी से धर्मेंद्र सिन्हा, प्रेमलाल साहू, कन्हया लाल साहू कुसुमलता बांधे व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा से देश और खुद का विकास होता है



**धमतरी।** सरस्वती शशि मंदिर मड़ाईभाठा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि अनिरुद्ध राव पवार व समिति के उपाध्यक्ष परमेश्वर साहू ने मां सरस्वती, भारत माता, ओम के छायाचित्र में पूजन-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री पवार ने कहा कि संस्था परिसर को प्रवेश उत्सव के लिए आकर्षक रूप से सजाया गया है। शिक्षा से देश और खुद का विकास होता है। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। परमेश्वर साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमन राव ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य सुरेंद्र साहू किया। कार्यक्रम में गिरीश पवार, जितेन्द्र साहू, चम्पादेवी साहू, भगवती पवार, नेहा गायकवाड़, चन्द्रकला साहू, नेमीन साहू, दुलेश्वरी साहू, जागृति साहू, रेणुका साहू, अंगेश सेन, तोरण लाल, ओमप्रकाश उपस्थित थे।

## शहीद जवान को सेवा परिषद ने दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** वीर जवान अजय कुमार गोटी का पार्थिव शरीर जैसे ही धमतरी के हृदय स्थल घड़ी चौक पहुंचा, भारत माता के जयकारों के साथ गूंज उठा। इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई धमतरी के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद उसके पार्थिव शरीर को गृह ग्राम गोटाटोला के लिए रवाना किया गया। मौके पर प्रांतीय संयोजक रवि कुमार साहू, जिला संरक्षक मुरारी लाल साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सचिव अशोक वर्मा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, मीडिया प्रभारी श्यामसुंदर देवांगन,ट्रेनिंग प्रभारी नंदेश्वर पीतांबर, लोकेश यदु, भागवत साहू, विजेन्द्र कुमार ध्रुव, केशव राम साहू, हरप्रसाद साहू उपस्थित थे।

## स्कूल के पहले ही दिन न्यौता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय मड़ेली में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मीनारायण साहू थे। इस अवसर पर स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर थानसिंह (संतोष) बैस द्वारा अपने पुत्र का आर्मी में चयन होने के खुशी में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय बालक, बालिका प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में कक्षा पहली से आठवीं तक प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड से सम्मानित किया गया साथ ही निशुल्क पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू को शाला के प्रति जागरूक होने पर शील्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर प्रधान पाठक सुरेश कुमार बघेल, जीवन लाल भारद्वाज, दिव्या साहू, शिक्षक श्रीमती होमलता साहू, कुलेश्वर देवांगन, अनिरुद्ध साहू, मुकेश नेताम, मंत्री गाड़गे, डिकेश्वर साहू, देवनारायण ध्रुव, राजेश्वरी बैस, लीला साहू तथा पंचगण उपस्थित थे।



## शासकीय प्राथमिक शाला पुरी में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय प्राथमकि शाला पुरी में शाला प्रवेश उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शाला विकास समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षिका उपस्थित हुए। बच्चों को शाला गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया एवं खीर पुड़ी खिलाकर मुंह मीठा किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष रोहित कुमार देवांगन शिक्षाविद, राधेश्याम अवस्थी, नेमू निर्मलकर, गम्भीर निर्मलकर, बेला ध्रुव, चमेली ध्रुव, सुमित्रा निर्मलकर, सरपंच दुर्गा बाई ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुखदेव नेताम, पूर्व उपसरपंच पुनऊराम, श्रीमती चन्द्रिका सिन्हा, श्रीमती वेदिका ध्रुव सहायक शिक्षिका, रसोईया चमेली ध्रुव, खेलन ध्रुव एवं स्वीपर मोहन ध्रुव उपस्थित हुए।

## शासकीय हाईस्कूल बांसपानी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय हाईस्कूल बांसपानी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजन के बाद उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का तिलक लगा कर, पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बच्चों को मिष्ठान्न खिलाकर, पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में नोडल अधिकारी चंद्रप्रकाश ने बच्चो को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। संकुल प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों को भय रहित पढ़ाई करने पर जोर दिया। संकुल समन्वयक जसपाल सिंह खनूजा ने बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ साथ स्काउट गाईड, खेल कूद, रेड्क्रास, योग इत्यादि पर भी सक्रिय रहने आग्रह किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य तोरण लाल साहू संकुल समन्वयक जसपाल सिंह खनूजा व्याख्याता मिलाप राम देवांगन रिचा ध्रुव लीनेश्वरी मरकाम चंद्रमुखी साहू रुमेश शांडिल्य, गेंदलाल नेताम ऐश्वर्य कुमार सार्वा प्रधान पाठक अनीता दर्रो आदि उपस्थित थे।

## स्कूल में बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास



**मगरलोड।** विद्यालय ऐसा स्थान है जहां बच्चों का ज्ञान देने के साथ उनका सर्वांगीण विकास किया जाता है। उनका भविष्य ही देश का भविष्य तय करता है। यह बातें कुण्डेल के उपसरपंच राजेंद्र साहू ने कही।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डेल मधुबन में नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल से स्वागत व मुंह मीठा कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी महिला बाल विकास के झामिन बिझेकर मगरलोड थे। उन मां सरस्वती की पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरपंच फगेश्वरी ध्रुव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। उपसरपंच राजेंद्र साहू ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे ही राष्ट्र के भविष्य होते हैं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दिनेश कुमार साहू ने किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष शंकर लाल साहू हिरेश साहू, सदस्य पवन सेन, चन्द्रहास साहू, खेमू यादव, रुपराम वर्मा, राजेंद्र यादव, पूर्व सरपंच श्रीमती योगेश्वरी साहू, प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार साहू, व्याख्याता खिलेश्वरी बनपेला, ममता साहू, दिनेश कुमार साहू, होमेंद्र कुमार साहू, प्रधान पाठक नारद राम साहू, अन्नपूर्णा साहू, शिक्षक दशरथ लाल सोनवानी, केसर निषाद, कौशल्या निषाद, रवि शंकर पटेल, दुलारी साहू, अश्वनी ध्रुव, रामेश्वरी साहू, योगेश निषाद, शिवदास मानिकपुरी, पूर्णिमा नेताम आदि उपस्थित थे।

## राजपुर स्कूल में नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विशेष रूप से नोडल अधिकारी देवश्री साहू सहायक अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना धमतरी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम नेताम जनपद सदस्य थे। अध्यक्षता आर के टंडन प्राचार्य ने की है तथा विशिष्ट अतिथि उदय लाल सेन, घसियाराम वट्टी, हुलार सिंह वट्टी, लक्ष्मण सिंह नेताम, गिरधर पटेल, दयाराम नेताम थे। इस दौरान कक्षा पहली छठवीं एवं नवमी में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगा कर अभिनंदन किया गया और उन्हें पाठ्य पुस्तक गणवेश प्रदान किया गया। इस दौरान सरपंच यमुना वट्टी के द्वारा न्योता भोज का व्यवस्था किया गया था। मुख्य अतिथि उत्तम नेताम ने छात्राओं को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा बोर्ड परीक्षा में 80% से अधिक अंक लाने पर 1000 रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा करते हुए इस वर्ष 80% से अधिक अंक प्राप्त छात्र युवराज ध्रुव को सम्मान राशि प्रदान किया। इस दौरान मेघावी छात्र सम्मान के तहत युवराज ध्रुव, राजेंद्र कुमार, सगीना यादव, विकास ध्रुव, दुर्गा निषाद, पूर्वानी नागेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा श्रेष्ठ पालक के रूप में संतोष निषाद का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डोमार सिंह ध्रुव ने किया तथा आभार प्रदर्शन बी आर नागेश ने किया। इस अवसर रामस्वरूप नेताम, मोहन चंद्रवंशी, केशव प्रजापति, हेमलाल यादव रोहिदास नेताम, सुलोचना जांगड़े भूनेश्वरी नेताम, निर्मला चंद्रवंशी दुर्गा वट्टी, मीना नागेश, सविता नेताम, रामकुंवर कुंजाम, गोमती कुंजाम, माधुरी मरकाम सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

## राजपुर को आदर्श ग्राम बनाने ग्रामीणों से चर्चा

- जिपं सीईओ ने ग्राम संगठन एवं ग्रामीणों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत राजपुर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने ग्राम संगठन एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव का भ्रमण किया। उन्होंने गांव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने एवं उनका सर्वांगीण विकास हेतु ग्रामीणों से विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर जमा किये जाने वाले अनिवार्य कर, जल कर एवं स्वच्छता कर के बारे में ग्राम संगठन के माध्यम से जमा कराने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया।

पंचायत द्वारा लगने वाले कर की राशि ग्रामीणों की सहमति से प्रत्येक परिवार 50 रुपये शुल्क जमा करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किये जावें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत और गौण खनिज मद से विकास कार्य हेतु कार्ययोजना बनाये जाने की विस्तृत चर्चा सीईओ जिला पंचायत द्वारा किया गया। आगामी ग्राम सभा मे उक्त कार्यो का प्रस्ताव पंचायत द्वारा प्रस्तावित करने कहा गया।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने उपस्वास्थ्य केंद्र राजपुर में बाउंड्रीवाल प्राक्कलन तैयार करने और वृक्षारोपण करने हेतु निर्देशित किया। पुराने पंचायत भवन को ग्राम संगठन की महिलाओं की आपसी लेनदेन एवं बैठक हेतु पुराने पंचायत भवन का उपयोग करने निर्देशित किया गया। इसी तरह स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीढ़ी में रेलिंग लगाकर गेट लगाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये।भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### सरपंच ने तिलक लगाकर छात्रों का कराया शाला प्रवेश

**दुधावा।** विकासखण्ड नरहरपुर के शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक दुधावा में हर्ष उल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव में सबसे पहले माँ सरस्वती के छाया चित्र कि पूजा अर्चना किया गया और मुख्य अतिथि सरपंच श्यामा बाई नेताम के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर शाला में प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का निर्माण होता है। सभी पालकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजे और सभ्य समाज का निर्माण होने पर सहयोग करें। स्कूल के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार साहू ने पढ़ाई के महत्व को सभी पालकों एवं बच्चों को बताया। कार्यक्रम के दौरान करण साहू, वरुण साहू, समीर साहू, गोवर्धन रामटेके, उत्तम नाग, गौतम साहू, राम गुलाम शोरी एवं शाला के समस्त स्टाफ और पुलिस चौकी दुधावा के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

### शाला प्रवेश उत्सव में छात्रों को किताबें बांटी

**कांकेर।** हाई स्कूल सालेभाट में शाला प्रवेश उत्सव, न्योता भोजन, पुस्तक वितरण, छात्र सम्मान कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल सालेभाट और माध्यमिक शाला सालेभाट की सौजन्य से रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच समलू राम कुंजाम ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सानिया मराई और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दुर्गेश्वरी सलाम को सम्मान प्रतिक चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष प्रीत राम मरकाम, प्राचार्य फणीश्वर साहू, प्रधान अध्यापक डीके ठाकुर एवं समस्त शिक्षक और पालक उपस्थित रहें।

### घर के सामने से बाइक की चोरी, मामला दर्ज

**कांकेर।** नहरपुर थानांतर्गत ग्राम चारभाठा चारभाठा निवासी 31 वर्षीय प्रभुराम मरकाम पिता जंगल सिंह ने पुलिस को बताया कि 24 जून को रात 8 बजे कुशल यादव के घर मोटर सायकल से शादी घर गया था और वही पर घर के सामने गाड़ी खड़ा किया था। रात करीबन 11 बजे के आसपास आकर देखा तो मेरी मोटर सायकल वहां पर नहीं थी। मोटर सायकल की आसपास पता तलाश किया कहीं पता नहीं चला। मेरी मोटर सायकल को रात में अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहम मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महिला के कब्जे से कच्ची शराब जब्त

कांकेर। कांकेर थानांतर्गत ग्राम अर्जुनी छोटेपारा निवासी 29 वर्षीय लता उसेंडी पति महेंद्र उसेंडी को पुलिस ने 26 जून की रात 8 बजें महुआ शराब के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला हाथ भट्टी से बना हुआ कच्ची महुआ शराब को बेचने के लिए अपने पास रखी हुई थी, उसके कब्जे से 4 लीटर देशी महुआ शराब कीमती 400 रूपएं और नगद 100 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### हानपतरी हाई, मिडिल व प्राथमिक विद्यालयों में मनाया प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल माशा व प्राथमिक विद्यालय हानपतरी में नवप्रवेशी बच्चों के साथ प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के समस्त शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों द्वारा सरस्वती वंदन किया गया।

प्रवेश उत्सव पर अभिभावक एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए जो नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। प्रवेश उत्सव के मुख्य तिथि जनपद सदस्य एवं सभापति जोहन गवाड़े, अध्यक्षता मायाराम कोमरा के अतिथि में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच बिसोन नरेटी के द्वारा छात्र-छात्राओं को नयोता भोजन भी दिया गया।

रोज हो रहे शिक्षा घोटाले को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन

# एनएसयूआई ने जड़ा एनटीए दफ्तर में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश में लगातार परीक्षाओं में हो रही धांधली और पेपर लीक के मामलों को लेकर अब आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसको लेकर पूरे देश से अनोखे विरोध की तस्वीरें सामने आ रही हैं।

कांग्रेस छात्र इकाई एनएसयूआई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में सैंकड़ों छात्रों और कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के ओखला में स्थित एनटीए हेड ऑफिस में घुसकर तालाबंदी कर दी, जिसमें एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन भी साथियों के साथ मौजूद रहे।




एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) लगातार पेपर लीक कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नीट परीक्षा के आयोजन में प्रश्नपत्र लीक का एक बड़ा घोटाला बेनकाब हुआ, जिससे 24 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए हैं, जिसके लिए एनटीए जिम्मेदार है लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस बड़े घोटाले को मामूली बताकर रफा-दफा करने की कोशिश कर रहे हैं। एनएसयूआई लगातार इस भ्रष्टाचारी एजेंसी को बैन करने की मांग भाजपा सरकार से कर रही है परंतु सरकार हमारी बातों को अनसुना कर एनटीए पर कार्यवाही करने से बच रही है।

जिसके खिलाफ एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में सैंकड़ों छात्रों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एनटीए के मुख्य दफ्तर में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया और एनटीए को तत्काल प्रभाव से भंग करने व एनटीए के अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की।

श्री देवांगन ने आगे कहा कि एनटीए की इस धांधली के बाद जो काम केंद्र की मोदी सरकार को करना चाहिए था एनएसयूआई उस काम को अपने हाथों में लेकर एनटीए जैसी भ्रष्ट एजेंसी के ऑफिस में ताला लगा रही है ताकि ये एनटीए अन्य पेपरों में भी धांधली कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करे।

इस विरोध प्रदर्शन में राजा देवांगन के साथ पारसमनी साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, अरविन्द यादव, नोमेश सिन्हा, शैलेश मण्डवी, सुदीप सिन्हा, तेज प्रताप साहू, तेज प्रकाश साहू, जय श्रीवास्तव, अजय देवांगन, चैतन्य साहू, ललित, मोनू सिन्हा, प्रभात साहू, राजा खान, उदय गुरू, राशिद सिन्हा, पिंटू समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अभा इंजीनियरिंग छात्र संगठन के श्रवण प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



अखिल भारतीय इंजीनियरिंग छात्र संगठन ईएसओ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अनिल याग्निक एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राजकुमार चक्रवर्ती की सहमति से श्रवण साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

बता दें कि ईएसओ इंडिया एक सामाजिक संगठन है जो छात्र हित के साथ-साथ पिछड़े तबके लोगों के लिए पूरे देश में काम करता है। जनजागरूकता के माध्यम से समाज के उत्थान एवं नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता है तथा गरीबों, शोषितों के अन्याय के खिलाफ लड़कर उनका हक दिलाने का प्रयास करता है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रदेश स्तर पर श्रवण की नियुक्ति होने पर सम्पूर्ण प्रदेश के कोने-कोने तक संगठन के व्यापक विस्तार हेतु निरंतर कार्य करेंगे और संगठन को नया आयाम तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। श्रवण के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक राजेन्द्र चंद्राकर, जिला स्काउड गाइड के सचिव डीके साहू, प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, सरपंच टिकेश साहू, रेखराम साहू, दीपक साहू, यशवंत गंजीर, आशीष शर्मा, कृष्णकांत साहू, मनीष साहू, विकेश साहू, विनोद सचदेवा, डॉ क्षितिज साहू, दिवाकर चन्द्राकर ने हर्ष जताया है।

## मृतक की पत्नी ने पुलिस से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

गत दिवस ग्राम अटंग में एक आदिवासी युवक की मारपीट करने तथा जबरन शराब पिलाने से मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को एक ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम अटंग निवासी परसराम ध्रुव को मोहित यादव ने जबरन उसके मुंह में शराब पिलाकर तथा लात घुसों से मारपीट की थी। जिससे परसराम ध्रुव की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी डोमेश्वरी ध्रुव ने आज अपराधी मोहित यादव को एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुरूद को ज्ञापन पत्र सौंपा है। इसी संबंध में सर्व आदिवासी समाज धमतरी के पदाधिकारी गण जीवराखनलाल मरई, महेश कुमार रावटे, ललित ठाकुर, संतोष सोरी, पोखराज नेताम, विष्णु ध्रुव, श्याम सुंदर, अर्जुन मरकाम, कल्याण ध्रुव, सोनित राम, घनश्याम ध्रुव,रमेश मांडवी, धनेश्वर, संजना ध्रुव, खेमराज ध्रुव ने भी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुरूद को ज्ञापन सौंपा है।

## स्मृति दिवस पर मीसा बंदियों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

26 जून को आपातकाल की स्मृति दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ. पी.चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, पुन्नूलाल मोहले, रामविचार नेताम एवं स्वंयसेवक संघ के पूर्णेन्दु सक्सेना के साथ साथ लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने व प्रदेशाध्यक्ष दिवाकर तिवारी की उपस्थिति में धमतरी जिले के मीसा बंदियों को सम्मानित किया। जिसमें जिले के अध्यक्ष शिरोमणि राव घोरपड़े, कृपाराम साहू, लखन लाल एवं परिवारजन कुमार रणसिंह, शरद रणसिंह, सुरेश गुप्ता, अरुण गुप्ता, भूपेंद्र सोन, अर्चना सोन, रोहिताश मिश्रा, कुमारी बाई चंद्राकर, भगवती



चंद्राकर, विक्रम घोरपड़े, आलोक देव, प्रतिभा गुप्ता, सरला गुप्ता, आयुष सोन आदि का सम्मिलित हुए। सेनानियों को मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा शाल एवं श्रीफल प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने उदबोधन में आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताया और उन सभी मीसा बंदियों को याद किया जो दिवंगत हो चुके हैं साथ ही उन्होंने सभी जिलों से आये वयोवृद्ध सेनानियों को सम्मान समारोह सम्मिलित होने के लिए आभार व्यक्त किया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ के सच्चिदानंद उपासने ने शासन द्वारा मीसा बंदियों की जो सम्मान निधि पूर्व सरकार द्वारा बंद कर दी गयी थी उसको भाजपा सरकार आते ही बहाल कर पूर्व की पेंशन राशि को एरियस के रूप में देकर उनके जख्मों पर मरहम बताकर वित्त मंत्री ओ. पी.चौधरी जी को त्वरित कार्यवाही के लिए संघ की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गुरुवार को जनदर्शन लगाए जाने का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रत्येक गुरुवार को जनदर्शन लगाए जाने का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वागत किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, महासचिव सोमनाथ साहू, प्रवक्ता उदय राम निषाद, रमेश देवांगन, सोहन दास मानिकपुरी, रमेश चक्रधारी, सुरेश नेताम, गोपाल वर्मा, विष्णु प्रसाद यादव, रामकुमार वर्मा, गोपाल सारथी, मुन्ना साहू, बैसाखू यादव, नरसिंह विश्वकर्मा, शारदा प्रसाद सोनकर, चंद्र भूषण कुशवाहा, संतराम कन्नौजे, राजेंद्र सिंन्हा, भीम सिन्हा सहित अनेक पदाधिकारी ने कहा है सरकार के इस फैसले से आमजनता का सीधा संवाद मुख्यमंत्री से होगा। इससे निश्चित रूप से सरकार की लोकप्रियता बढ़ेगी और जनता समस्या से मुक्त होगी। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है की ठंड के मौसम से पहले जनदर्शन का कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से हो, ठंड के मौसम आने के बाद भले ही 11:00 बजे कर दिया जाए। संगठन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अन्य मंत्रियों द्वारा जन दर्शन लगाए जाने का स्वागत किया है। संगठन ने उम्मीद किया है कि सभी मंत्री अपने-अपने बंगले में जनदर्शन पृथक पृथक लगाऐं। संगठन के नेताओं विभिन्न समाज के मुखिया लोगों ने कहा है- पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के हैट्रिक करने का जनदर्शन भी एक कारण था, तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल के फेल होने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि उन्होंने जनदर्शन लगाना बंद कर दिया। छत्तीसगढ़ छोटा राज्य है, जनता चाहती है कि हमारे मुखिया का संवाद हमसे सीधा हो और इस बात को मुख्यमंत्री को भी ध्यान रखना चाहिए।

## मानस शक्ति केन्द्र सेमरा के टीकाराम बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मानस शक्ति केन्द्र सेमरा बी (बारना) की बैठक ग्राम दोनर के चन्द्राकर भवन में संरक्षक माखनलाल साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें पदाधिकारियों का चयन एवं मनोनयन किया गया। जिसके निर्वाचन अधिकारी (पर्यवेक्षक) हुमन चन्द्राकर एवं खेदन निषाद राजमानस संघ धमतरी के सानिध्य में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन व मनोनयन किया गया। जो इस प्रकार है - संरक्षक माखनलाल साहू एवं रूपचंद साहू, सलाहकार हरखराम निषाद, डेरहूराम साहू एवं



हिरमेश्वरी साहू, अध्यक्ष टीकाराम साहू, उपाध्यक्ष रोशन चन्द्राकर, सत्यवान साहू एवं भीखम साहू, सचिव रामनारायण साहू, सहसचिव परीक्षित तारक, कोषाध्यक्ष नरोत्तम पटेल, संगठन मंत्री शत्रुघन राजपूत, प्रचार मंत्री थनवार साहू, मीडिया प्रभारी गौतम यादव चुने गए।

इस अवसर पर टिकेश्वर विश्वकर्मा, श्रवण, टेकराम साहू, हेमंत प्रजापति, विनय साहू, मिनेश साहू एवं बाबुलाल साहू उपस्थित रहे।

## एसआरएम प्रशांत मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल हुआ हाईटेक

- वातानुकूलित हॉल में एकसाथ दो स्क्रीन पर दिखेगी दो फिल्म, बड़े शहरों की तर्ज पर दी जा रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





रायपुर रोड स्थित एसआरएम प्रशांत मल्टीप्लेक्स सिनेमा हाल अब पहले से भी ज्यादा हाईटेक हो गया है। वातानुकूलित हाल में कुर्सियों को आरामदायक बनाने के साथ, स्क्रीन की साइज भी पहले से बढ़ा है। लाइट सिस्टम दोगुना हुआ है। सिनेमाघर के संचालक ललित नाहटा, राजेन्द्र लुंकड़, रजत लुंकड़ ने पत्रकारों को बताया कि सिनेमाघर को अब पहले से ज्यादा हाईटेक बनाया गया है। दर्शकों के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर वे सारी सुविधाएं दी जा रही है जिसकी उन्हें जरूरत है। सिनेमाघर के अंदर दो आईडी, दो स्क्रीन लगाए गए हैं जहां एक ही समय में दो अलग-अलग फिल्म का आनंद ले सकेंगे। हाल के अंदर नया इंटिरियर डिजाइन किया गया है। लोकेशन चेंज होने से दर्शकों का मनमस्तिक पूरे तीन घंटे तक तरोताजा रहेगा। लेसर रिफ्लेन्ट लाइट की सुविधा पहले से डबल है। लिफ्ट की सुविधा सप्ताह भर में चालू हो जाएगी। फायर सिस्टम, ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा के साथ ग्राउंड फ्लोर पर मार्डन केंटिन बनाया गया है यहां सारे फूड हाईजेनिक तरीके से तैयार होता है। सिनेमाघर के अंदर साउंड सिस्टम को अपग्रेड किया गया है। दर्शकों के लिए फुल एसी का इंतजाम किया गया है। संचालकों ने बताया कि टिकट दर पूर्ववत ही है इसमें फिल्म के हिसाब से रेट तय होते हैं। फिलहल 100, 150 और 180 रूपये प्रत्येक दर्शकों के लिए टिकट दर तय की गई है। सिनेमाघर शुरूआत गुरूवार से हो चुकी है जिसमें चारों शो दर्शकों को दिखाया जा रहा है।

## स्कूली बच्चों को पुस्तक वितरण

**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के बीएस गौर आत्मानंद स्कूल में छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर हेमंत चौधरी, वैभव किरण, दिव्या मैडम, स्कूल के प्रिंसिपल एवं स्टाफ उपस्थित थे।



## अज्ञात वाहन की ठोकर से भैंसे की मौत

- कोहाबाहरा बस स्टैण्ड के पास भैंसे को ठोकर मार कर अज्ञात वाहन फरार

**नगरी।** धमतरी नगरी मेन रोड ग्राम कौहाबाहरा बस स्टैण्ड के पास बुधवार रात 8 बजे अज्ञात वाहन ने भैंसा को ठोकर मार दिया जिससे मौके पर ही भैंसा का मौत हो गई। पशु मालिक का गोकुल नेताम/पिता श्यामलाल नेताम का ग्राम- कोलियारी का निवासी है। मालिक का कहना है कि चालक की लापरवाही के चलते उसके गाड़ी की ठोकर से भैंसे की मौत हुई है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात वाहन चालक की पतासाजी कर उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने शासन प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।



तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे,
उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.)
मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमडी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## गड़बड़ी रोकने डूब प्रभावितों ने की जांच में पारदर्शिता रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डूबान प्रभावितों के हित में प्रकाशन के पूर्व दस्तावेजों की सम्पूर्ण जाँच पड़ताल कराने की माँग ताकि वास्तविक डूब प्रभावित किसानों के साथ अन्याय न हो। गंगरेल बाँध प्रभावित डूब प्रभावित जनकल्याण समिति गंगरेल ज़िला धमतरी द्वारा कलेक्टर नम्रता गाँधी से मुलाक़ात कर ग्राम जोगीडीह में डूबान प्रभावितों को बसाने के लिए प्रशासन से मांग की है। कलेक्टर से चर्चा में आत्माराम ध्रुव, महराजीराम ध्रुव, हरिशंकर मरकाम, पुष्कर शोरी, रोहित ध्रुव, जयकुमार सेन, गोपाल रामसिन्हा, शम्भुराम ने

उन्हें बताया गया कि जांच प्रक्रिया में बहुत से ऐसे व्यक्ति हैं जो डूब प्रभावित किसानों के श्रेणी में नहीं आते हैं परन्तु उनके द्वारा पट्टा जारी करने वाले अधिकारी से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से अपने नाम पर व अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर एक से अधिक पट्टा प्राप्त कर लिये हैं। उस पर तत्काल जाँच पड़ताल कर वास्तविक हकदार डूब प्रभावितों को ही अधिकार देकर पट्टा प्रदाय करने की माँग किया गया जिससे वास्तविक डूब प्रभावित किसानों के साथ अन्याय न हो।






